# Patrika, 04th April 2017, Page – 01 and 06

## एमएचआरडी ने जारी की एनआईआरएफ की रैंकिंग

# आईआईएम-आईआईटी सहित स्कूल ऑफ फार्मेसी टॉप 50 में

### डीएवीवी और होलकर कॉलेज प्रदेश के शीर्ष संस्थान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

इंदौर मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने सोमवार को देश के शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग जारी की। इसमें शहर के आईआईएम, आईआईटी के साथ डीएवीवी के स्कूल ऑफ फार्मेसी ने टॉप 50 में जगह बनाई। ओवरऑल रैंकिंग में आईआईएम इंदौर 10वें और आईआईटी इंदौर 24वें स्थान पर रहा। शहर के लिए गर्व की बात है कि रैंकिंग में प्रदेश से सर्वाधिक संस्थान इंदौर के है। गत वर्ष की रैंकिंग में 10वें स्थान के साथ आईआईएम इंदौर का एकतरफा दबदबा रहा था। पिछली बार 16वें क्रम पर रहे आईआईटी इंदौर ने भी आगे कदम बढ़ाए है। आईआईटी ने इंजीनियरिंग संस्थानों के साथ रिसर्च एंड ट्रेनिंग व ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी में भी जगह बनाई है।

**फार्मेसी की लंबी छलांग :** रैंकिंग में देवी अहिल्या विवि (डीएवीवी) के स्कूल ऑफ फार्मेसी ने लंबी छलांग लगाई। पहली बार विभाग ने रैंकिंग में हिस्सा लिया और 39.20 स्कोर के साथ देश में 31वें स्थान पाया। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने बताया रैंकिंग का आधार वर्ल्ड क्लास रिसर्च रही है।

### चल रही है रिसर्च

आईआईटी इंदौर का लक्ष्य 2025 तक दुनिया के टॉप 100 इंजीनियरिंग कॉलेजों में शामिल होना है। दुनिया के प्रमुख संस्थानों से मिलकर रिसर्च चल रही है। **प्रो. निर्मला मेनन,** आईआईटी इंदौर

### कोशिशें जारी

यूनिवर्सिटी में लगातार सुधार की कोशिशें जारी हैं। यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में शामिल करने के लिए सुविधाएं जुटाने की योजना बना रहे हैं। **प्रो. नरेंद्र धाकड़,** कुलपति, डीएवीवी

शेष @ पेज 06

Page – 01

## आईआईएम...

गत वर्ष एसजीएसआईटीएस का फार्मेसी विभाग 40वें स्थान पर रहा था। हालांकि इस बार वह सूची से बाहर हो गया है।

### टॉप 100 में कोई नहीं

प्रदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी और कॉलेज को टॉप 100 में जगह नहीं मिली। यूनिवर्सिटी श्रेणी में डीएवीवी और होलकर साइंस कॉलेज को 100 से 150 रैंक के बीच संतोष करना पड़ा है। हालांकि, प्रदेश से और कोई शामिल नहीं होने से ये प्रदेश के शीर्ष संस्थान बन गए है।

### भोपाल, जबलपुर भी चमके

इंजीनियरिंग में भोपाल के मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को 41.25 स्कोर के साथ 61 और जबलपुर के पं. द्वारका प्रसाद मिश्रा ट्रिपल आईटीडीएम को 39.46 स्कोर के साथ 69वीं रैंक मिली। ओवरऑल रैंकिंग में भोपाल के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च को 37.32 स्कोर के साथ 98वीं रैंक मिली।

### पांच बिंदुओं पर हुई परख

देश के कॉलेज व यूनिवर्सिटी की रैंक निर्धारित करने के लिए 2015 से नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की शुरुआत हुई। इसमें पांच मानकों पर यूनिवर्सिटी व कॉलेजों का आकलन होता है। पहला मानक टीचिंग, लर्निंग व रिसोर्स है, जिसमें पढ़ाई की तकनीक, स्तरीय रिसर्च और बजट का उपयोग आंका गया। दूसरा मानक रिसर्च व प्रोफेशनल में पब्लिकेशंस व पेटेंट देखा गया। तीसरे मानक में प्लेसमेंट, उच्च शिक्षा के लिए चयनित विद्यार्थी के आंकड़े व पीएचडी की संख्या देखेंगे। चौथे व पांचवें मानक में डायवर्सिटी, ऑउटकम और चुनौती से निपटने की तैयारियों की समीक्षा हुई।

### आईआईटी इंदौर

- 57.70 स्कोर के साथ देश में 15वें स्थान पर
- 72 स्कोर के साथ रिसर्च एंड टीचिंग में 16वीं रैंकिंग
- 50.23 अंक के साथ ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी इंदौर 24वें स्थान पर

Page - 06